ICFAI UNIVERSITY
JHARKHAND

## इक्फाई वि०वि० झारखंड में पूर्व-छात्रों के सम्मेलन का आयोजन

रांची, 22 जनवरी, 2013.
इक्फाई वि०वि० झारखंड ने अपने पूर्व छात्रों के द्वारा उनकी यादों और अनुभवों को वर्तमान
छात्रों से साझा करने के लिए एक कार्यक्रम का आयोजन किया। इसमें विभिन्न उद्योगों
तथा विभिन्न क्षेत्रों से आये हुए पूर्व-छात्रों ने भाग लिया।
वि०वि० के पूर्व छात्र वर्तमान में एचडीएफसी बैंक, एचडीएफसी स्टैंडर्ड लाइफ, कोटक महिन्द्रा,
एसबीआई, अल्काटेल ल्यूसेंट, पेप्सी, वोडाफोन, आइडिया, वीडियोकॉन, नक्षत्र टीवी जैसी
प्रतिष्ठित कंपनियों में जिम्मेदार भूमिका निभा रहे हैं। कुछ छात्रों ने उद्यमी के रूप में
अपना स्वयं का व्यवसाय स्थापित किया है।
मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए श्री हरिवंश (मुख्य संपादक, प्रभात खबर) ने छात्रों
को आह्वान करते हुए उन्हें चरित्र निर्माण पर ध्यान देने की सलाह दी जो कि उन्हें
सार्थक जीवन की ओर ले जायेगा।
प्रो० ओ आर एस राव (कुलपति) ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि ये वि०वि० के पूर्व छात्रों के समर्पण
और कड़ी मेहनत का ही परिणाम है कि वे आज अपने करियर में इतने अच्छी जगह कार्यरत हैं।
प्रो० राव ने पूर्व छात्रों का आह्वान करते हुए कहा कि आप आगे आकर अतिथि व्याख्यान
और करियर परामर्श के माध्यम से अपने ज्ञान और अनुभव ~~को~~ वि०वि० के छात्रों से बाँटे।
पूर्व छात्रों ने ~~विश्वविद्यालय को~~ अपने करियर के एक मजबूत नींव रखने के लिए वि०वि० के प्रति आभार
व्यक्त किया। कुछ ने उल्लेख किया कि सॉफ्ट स्किल प्रशिक्षण जो कि वि०वि० द्वारा प्रदान किया
गया उनके व्यक्तित्व के समग्र विकास में मदद की। कुछ ने समर इंटर्नशिप में हासिल कौशल
का जिक्र किया। सबने कैंपस प्लेसमेंट में वि०वि० के प्रयासों की सराहना की।
वि०वि० में बिताये दिनों की चर्चा करते हुए श्री मनीष कुमार, पोर्टफोलियो प्रबंधक, डॉवेल्थ, ने
कहा, "मैं सौभाग्यशाली हूँ कि यहाँ से शिक्षा ग्रहण किया। वि०वि० ने हमें शिक्षण और
व्यवहारिक प्रदर्शन के माध्यम से पेशेवर कौशल प्रदान किया।
सुश्री शौर्य (पूर्व छात्रा), (एम डी, अथर्वा कन्सट्रक्शन) ने कहा कि मुझे गर्व है कि आज वि०वि० इस
क्षेत्र में प्रतिष्ठित वि०वि० में शुमार है। यह अधिकारियों और शिक्षकों के समर्पण से संभव हो सका है।
पूर्व छात्र, श्री शान्तनु रॉय, प्रबंधक, अवीवा लाइफ, ने कहा, "ऐसे कार्यक्रम पूर्व छात्रों ~~को~~ द्वारा वर्तमान
छात्रों को अपने अनुभव बाँटने में मदद करती है जो उन्हें प्रेरित करती है।
डॉ० बी एम सिंह (कुलसचिव), डॉ० के के नाग (वरिष्ठ शैक्षणिक सलाहकार, फैकल्टी), अन्य
अधिकारीगण, छात्र और आमंत्रित लोगों ने कार्यक्रम में भाग लिया।

Address: Ashok Nagar, Between Road No.1 and 2, Ranchi 834002, Tel: 0651-2245178 / 179, 2243255

इक्फाई वि॰वि॰ झारखंड - एक झलक

इक्फाई वि॰वि॰ झारखंड (आइ यू जे), इक्फाई वि॰वि॰ समूह का एक हिस्सा है, जो भारत मे व्यवसायोन्मुख शिक्षा प्रदान करने में अग्रणी स्थान रखता है। वि॰वि॰ की स्थापना इक्फाई वि॰वि॰ झारखंड अधिनियम 2006 के तहत हुई, जो कि राज्य विधानमंडल द्वारा पारित किया गया था तथा झारखंड सरकार द्वारा दिनांक 17 जून 2008 को अधिसूचित किया गया। वि॰वि॰ यूजीसी के अधिसूचना, 01 दिसंबर 2009, के तहत यूजीसी अधिनियम, 1956 की धारा 22 के अंतर्गत डिग्री प्रदान करने के लिए अधिकृत है।

वि॰वि॰ अनेक व्यवसायोन्मुख स्नातक तथा स्नातकोत्तर की शिक्षा प्रदान करती है जिनमे बीटेक, बीबीए, बीसीए, एमबीए व पीएचडी (प्रबंधन) शामिल है। वि॰वि॰ विशिष्ट इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ-साथ अनुभवी शिक्षकों से सुसज्जित है।

वि॰वि॰ के बारे मे अधिक जानकारी वेबसाइट www.iujharkhand.edu.in पर उपलब्ध है।

"Grooming Professionals. With values"